बरेली, सोमवार
19 जनवरी, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण

**PAGE NO IV : BOTTOM**



रिद्धिमा सभागार में कथक नृत्य प्रस्तुत करती कलाकार • सौ. संस्था

## 'ब्रजश्याम कहे' में कलाकारों ने दिखाई नृत्य कला

- गौरिका और नितारा ने झपताल पर किया लाइव प्रदर्शन
- कथक विद्यार्थियों ने श्याम मुरली बजाय मन भाए की दी प्रस्तुति

**जासं, बरेली:** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम 'ब्रजश्याम कहे' का आयोजन हुआ। इसमें संस्थान के कथक गुरुओं व विद्यार्थियों ने कथक नृत्य कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आरंभ कथक गुरु देबाज्योति नस्कर ने गुरु वंदना 'करि प्रणाम गुरु ध्यान स्मरण' पर गुरु आराधना से किया।

कथक विद्यार्थियों गौरी, अविघना, नायरा, अंकिता, अनिका, अवनी भसीन, त्रिशिका, मुक्तिका आदि ने आराधना 'गुरु चरणन पर शीश नवाऊं' पर अपनी प्रस्तुति दी। विद्यार्थी गौरिका और नितारा ने 'झपताल' पर लाइव प्रदर्शन किया। कथक विद्यार्थियों ने 'आज श्याम मुरली बजाय मन भाए' पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कथक गुरु अंशू शर्मा ने 'जीत देखो उठ ब्रज श्याम छवि' पर लाइव अर्पण पेश किया। देविका मूर्ति ने 'भारी भारी मटकी जल' पर प्रस्तुति दी। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल, सात्विक मिश्रा ने अपने स्वरों से शाम को सजाया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट संस्थापक देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।